भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
01.12.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 602 का उत्तर

राजस्थान में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास

602. श्री पी. पी. चौधरी:
डॉ. कृष्णपालसिंह यादव:
श्रीमती संध्या राय:
श्री महेंद्र सिंह सोलंकी:
श्री राजबहादुर सिंह:
श्री संगम लाल गुप्ता:
क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में 150 रेलवे स्टेशनों का ब्यौरा क्या है, जिन्हें संभावित रूप से विकसित किया जाएगा;

(ख) राजस्थान में आठ रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है; और

(ग) स्टेशनों का पुनर्विकास करने और उन्हें उच्च गति वाले गलियारों से जोड़ने की अनुमानित लागत कितनी है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

राजस्थान में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के विकास के संबंध में दिनांक 01.12.2021 को लोक सभा में श्री पीपी चौधरी, डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव, श्रीमती संध्या राय, श्री महेंद्र सिंह सोलंकी, श्री राजबहादुर सिंह और श्री संगम लाल गुप्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 602 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण

(क) दो स्टेशनों यथा गांधीनगर राजधानी (गुजरात) और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (मध्य प्रदेश) को विकसित और चालू कर दिया गया है। सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलूरू) चालू किए जाने के लिए तैयार है। पांच स्टेशनों यथा अयोध्या, सफदरजंग, बिजवासन, गोमतीनगर और अजनी पर कार्य प्रगति पर है। अन्य स्टेशनों पर तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन विभिन्न चरणों के अंतर्गत है।

(ख) तीन स्टेशनों पर मास्टर प्लान को अंतिम रूप दे दिया गया है। एक स्टेशन से संबंधित मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। अन्य स्टेशनों पर तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन विभिन्न चरणों के अंतर्गत है।

(ग) स्टेशन विकास कार्यक्रम अपनी तरह का पहला तथा जटिल प्रकृति का कार्य है और इसमें विस्तृत तकनीकी-वित्तीय व्यवहार्यता अध्ययनों और स्थानीय निकायों आदि से विभिन्न सांविधिक क्लीयरेंसों की आवश्यकता होती है। अतः इस स्तर पर कोई समय-सीमा अथवा लागत नहीं बताई जा सकती।

****